हरिभूमि
# बालोद भूमि

रायपुर, बुधवार 19 फरवरी 2025


तापमान
अधिकतम 31.4 डिग्री
न्यूनतम 16.6 डिग्री


14 ग्रामीणों ने बनायी पंचायत सरकार देर शाम घोषित हुआ परिणाम





12 मुख्यमंत्री साय ने कहा- नक्सल प्रभावित...







**अतिशीघ्र आवश्यकता है**

सिक्योरिटी सुपरवाइजर (10 पद) कद-5'.6", उम्र-20 से 35
सिक्योरिटी गार्ड (पुरुष : 50 पद) कद-5'.6", उम्र-20 से 35
होम केयरटेकर (महिला : 20 पद) उम्र-20 से 35 वर्ष,
फायरमैन कद-5'.6", उम्र-20 से 35
अग्निशमन वाहन चालक हैवी लाइसेंस कद-5'.6", उम्र-20 से 35
भर्ती दिनांक :- 21 व 22 फरवरी 2025
(कार्यस्थल:-सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में निजी कारखाना एवं अस्पताल)
पताः-फायर सेफ्टी डिजास्टर मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट
इंदिरा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल, सुपेला, भिलाई, जिला-दुर्ग, छत्तीसगढ़
मो.: 7697212782, 6263775269


## खबर संक्षेप

### 'दूल्हा' जल बचाओ का कार पर संदेश के साथ बारात लेकर पहुंचा



**बालोद।** जल की एक एक बूंद बचाना है इस संदेश को लेकर दूल्हा चंद्रशेखर साहू वार्ड 14 राजहरा के निवासी अपनी कार में जल बचाओ अभियान का बोर्ड लगाकर अपने शादी बेलमांड निवासी यमुना साहू के पुत्री दीपिका साहू के यहां बारात लेकर जैसे पहुंचा। उनकी कार में जल बचाओ का संदेश देखकर ग्रामीण प्रभावित हुए। इस दौरान वर-वधु के परिवार के साथ ग्रीन कमांडो वीरेन्द्र सिंह ने ग्रामीणों को जल बचाओ का संदेश देकर जल बचाने के लिए प्रेरित किया।

### डौण्डीलोहारा में मतदान संपंन, निर्वाचन आयोग ने घोषित किए अंतिम आंकड़े

**बालोद।** त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन के अंतर्गत बालोद जिले में पहले चरण का मतदान सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। पहले चरण के अंतर्गत जिले के डौण्डीलोहारा एवं डौण्डी विकासखण्ड मे मतदान का अंतिम आंकड़े निर्वाचन आयोग ने घोषित कर दिए हैं। दोनों विकासखण्डों में कुल 81.93 प्रतिशत मतदान हुआ। उप जिला निर्वाचन अधिकारी चन्द्रकांत कौशिक ने बताया कि पहले चरण के अंतर्गत जिले के दोनों विकासखण्डों में आज संपन्न मतदान का कुल प्रतिशत 81.93 रहा। जिसमें डौण्डीलोहारा विकासखण्ड के 120 ग्राम पंचायतों में 01 लाख 59 हजार 237 मतदाताओं में से 01 लाख 32 हजार 232 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इस प्रकार डौण्डीलोहारा विकासखण्ड में मतदान का प्रतिशत 83.04 रहा। इसी तरह डौण्डी विकासखण्ड के 62 ग्राम पंचायतों में 81 हजार 66 मतदाताओं में से 64 हजार 646 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इस प्रकार डौण्डी विकासखण्ड में मतदान का प्रतिशत 79.74 रहा। इस तरह प्रथम चरण के अंतर्गत डौण्डीलोहारा एवं डौण्डी विकासखण्ड के कुल 182 ग्राम पंचायतों में 02 लाख 40 हजार 303 मतदाताओं में से 01 लाख 96 हजार 878 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

### 70 लाख का शेयर फर्जी तरीके से अपने नाम किया, आरोपी गिरफ्तार

**भिलाई।** कूटरचित दस्तावेज के माध्यम से कानपुर से भिलाई आकर निवासरत एक व्यक्ति के 70 लाख रुपए शेयर को अपने नाम करने वाले जयपुर निवासी शेयर व्यापारी के खिलाफ सुपेला पुलिस ने धोखाधड़ी का मामला पंजीबद्ध किया था।

## कार्रवाई : 10 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज

# पंचायत चुनाव का बहिष्कार, ग्रामीणों ने पटवारी और कोटवार को बनाया बंधक





हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

ग्राम पंचायत धोतिमटोला में सचिव के नहीं बैठने और आश्रित ग्राम दारूटोला में बैठने के विरोध में ग्रामीणों ने पंचायत चुनाव का बहिष्कार किया था। इस दौरान शासकीय कर्मचारियों को मतदान केन्द्र में जाने से रोक दिया गया था, जिसके बाद प्रशासन एक्शन में आई और पटवारी और कोटवार की रिपोर्ट पर 10 लोगों के खिलाफ धारा 127(2), 191(2), 221 के तहत मामला दर्ज किया है।

**धोतिमटोला के ग्रामीणों ने गांव में सचिव के नहीं बैठने और आश्रित ग्राम दारूटोला में बैठने के विरोध में किया बहिष्कार**



त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव से पहले जिले के ग्राम पंचायत धोतिमटोला में पंचायत भवन को दूसरे गांव दारुटोला में स्थापित करने को लेकर बड़ा हंगामा हो गया। नाराज ग्रामीणों ने मतदान दल को पोलिंग बूथ तक जाने से रोक दिया, जिससे हालात तनावपूर्ण हो गए थे। स्थिति को काबू में रखने के लिए भारी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया। बता दें कि ग्रामीणों द्वारा मतदान दल को पोलिंग बूथ तक जाने से रोके जाने के बाद जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन के आला अधिकारी मौके पर पहुंचे। अधिकारी लगातार ग्रामीणों को समझाने की कोशिश कर रहे थे। इसके बाद यह कार्रवाई की गई है। पुलिस के अनुसार पटवारी और कोटवार ने बताया कि 16 फरवरी को ग्रामीणों के चुनाव बहिष्कार करने पर रिटर्निंग ऑफिसर पंचायत विकासखण्ड डौण्डी के आदेश पर ग्राम धोतिमटोला पंचायत में नोटिस तामिल एवं मुनादी कराने कोटवार भगवान दास के साथ पहुंचा। धोतिमटोला के मतदान केन्द्र को परिवर्तन कराने के संबंध में नोटिस की जानकारी दी। मुनादी करने पर गांव के डोमेश्वर साहू, तिलक धरत, कौशल धरत, लेखराम, हीरामन, फूलप्रसाद, नारद, ग्वालिन बारला, सुकारो तारम व अन्य लोगों ने मुझे घेर लिया और गांव के कला मंच में बैठा दिया। ग्रामीणों का कहना था कि तुम्हें नहीं जाने देंगे। अधिकारी झूठ बोलकर गए हैं। इस तरह उन्होंने मेरे शासकीय कार्य में बाधा डाला। सूचना मिलने पर डौण्डी पुलिस पहुंची और हम दोनों को छुड़ाने की कोशिश की, लेकिन ये लोग पुलिस की गाड़ी के सामने जमीन पर लेट और बैठ गए। उप जिला निर्वाचन अधिकारी चन्द्रकांत कौशिक ने कहा कि मेरे संज्ञान में शासकीय कर्मचारियों को बंधक बनाकर रखे जाने का मामला सामने आया था, जिसके बाद आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई की गई है।

## त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव

# द्वितीय चरण का मतदान कल, दल आज होंगे रवाना




हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन के अंतर्गत राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी किए गए निर्वाचन कार्यक्रम के अनुसार जिले के बालोद विकासखण्ड में द्वितीय चरण का मतदान गुरूवार 20 फरवरी को संपन्न होगा।

■ बालोद विकासखण्ड के लिए बनाए गए 189 मतदान केन्द्र

छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार एवं कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल के दिशा-निर्देशन में बालोद जिले में द्वितीय चरण के अंतर्गत 20 फरवरी को संपन्न होने वाले मतदान एवं मतगणना कार्य को स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं निर्विघ्न रूप से संपन्न कराने हेतु सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। मतदान एवं मतगणना कार्य में लगे सभी अधिकारी-कर्मचारियों को समुचित रूप से प्रशिक्षण प्रदान किया गया है, साथ ही मतदान केन्द्रों में बिना किसी अवरोध के शांतिपूर्ण ढंग से चुनाव संपन्न कराने हेतु सुरक्षा के चाक-चौबंद व्यवस्था की गई है। इसके लिए पुलिस एवं जिला प्रशासन के समन्वय से सभी मतदान केन्द्रों में आवश्यकतानुसार सुरक्षा बलों की तैनाती की गई है। 20 फरवरी को होने वाले द्वितीय चरण के मतदान के लिए मतदान अधिकारियों को 19 फरवरी को सुबह सामग्री वितरण केन्द्र सरदार वल्लभ भाई पटेल मैदान के समीप स्वामी आत्मानंद हिन्दी माध्यम स्कूल परिसर से हरी झण्डी दिखाकर मतदान केन्द्रों के लिए रवाना किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन के द्वितीय चरण के अंतर्गत 20 फरवरी को संपन्न होने वाले मतदान के तहत मतों की गणना मतदान समाप्ति के बाद संबंधित मतदान केन्द्रों में ही की जाएगी। उल्लेखनीय है कि त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन के लिए द्वितीय चरण के अंतर्गत बालोद विकासखण्ड में गुरूवार 20 फरवरी को संपन्न होने वाले मतदान हेतु कुल 189 मतदान केन्द्र बनाए गए है। छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार इन सभी मतदान केन्द्रों में सुबह 7 से दोपहर 3 बजे तक मतदान संपन्न किया जाएगा। मतदान समाप्ति के पश्चात मतदान अधिकारियों के द्वारा तत्काल गणना भी प्रारंभ कर दिया जाएगा।

# बैलेट पेपर में बदल गया पंच प्रत्याशी का चुनाव चिह्न, 25 मतदाता डाल चुके थे वोट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

ग्राम पंचायत सुरेगांव के वार्ड क्रमांक 8 में पंच पद के लिए मतदान करने पहुंचे ग्रामीण प्रत्याशी का चुनाव चिह्न बदलने से सकते में आ गए। जब उन्होंने देखा कि पंच पद का प्रचार कर रही प्रत्याशी शकुन बाई देशमुख को चुनाव चिह्न सीढ़ी मिला था और प्रचार भी इसी चिह्न से की, लेकिन मतदाताओं ने जब उनके नाम के सामने चुनाव चिन्ह फावड़ा देखा तो, वहां मौजूद चुनाव अधिकारियों से चिह्न के बारे में पूछताछ की तो वे भी कुछ जवाब नहीं दे सकें।

■ प्रत्याशी के विरोध पर रोका गया चुनाव

■ मतदान टीम ने कहा : डाले गए वोट की होगी गिनती, तो भड़के ग्रामीण

मतदान प्रक्रिया के 24 घंटे बाद भी प्रशासन कोई स्पष्ट निर्णय नहीं ले सका। विदित हो कि 17 फरवरी को डौण्डी और डौण्डीलोहारा ब्लॉक के ग्राम पंचायतों में पंच, सरपंच, जनपद सदस्य और जिला पंचायत सदस्य चुनने के लिए मत डाले गए। दोनों ब्लॉक में शाम को मतगणना कर परिणामों की घोषणा भी कर दी गई। वहीं ग्राम पंचायत सुरेगांव के वार्ड क्रमांक 8 में मतपत्र में छपे चुनाव चिन्ह को लेकर गड़बड़ी पाई गई। मामला सामने आने के बाद पंच पद के प्रत्याशी ने रिटर्निंग ऑफिसर को आवेदन देकर उक्त वार्ड में पंच चुनाव रोकने की मांग की। इसके बाद मतदाताओं को पंच के अलावा तीन मत पत्र दिए गए। वार्ड क्रमांक 8 में मतदाताओं को जब पंच पद के लिए वोट डालने मत पत्र दिए गए, तब मतदाओं ने देखा कि सीढ़ी छाप का चिन्ह मतपत्र में है ही नहीं, करीब 25 मतदाताओं ने इसकी जानकारी वार्ड प्रत्याशी को दी।

### *पुनः मतदान की मांग*

*वार्ड में कुल 80 मतदाताओं ने मतदान किया, लेकिन पंच पद के लिए 25 मतदाताओं द्वारा मतदान करने के बाद प्रत्याशी के आवेदन के बाद पंच पद के लिए मतदान रोक दिया गया था। अब प्रत्याशी की मांग है कि पंच पद के लिए पुनः मतदान कराया जाए।*

### *एसडीएम लेंगे निर्णय*

*फिलहाल इस मामले में कोई निर्णय नहीं लिया गया है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी चंद्रकांत कौशिक ने कहा कि इस संबंध में एसडीएम द्वारा निर्णय लेकर आगे की कार्रवाई की जाएगी।*

दरअसल चुनाव चिन्ह के आवंटन के समय प्रत्याशी शकुन बाई देशमुख को सीढ़ी छाप चुनाव चिन्ह दिया गया था। प्राप्त चुनाव चिन्ह के आधार पर प्रत्याशी ने प्रचार प्रसार भी किया, लेकिन जब मतपत्र में देखा तो निशान बदले हुए थे। मतपत्र में शकुन बाई के नाम के आगे सीढ़ी के स्थान पर फावड़ा चुनाव चिन्ह था। इससे मत प्रभावित होने की आशंका जताते हुए प्रत्याशियों ने विराध किया। ग्राम के वार्ड क्रमांक 8 में पंच पद के लिए शकुन बाई देशमुख और साधना बाई देशमुख प्रत्याशी है। शकुन बाई का नाम पहले क्रम पर था, लेकिन जब मत पत्र में देखा तो उनके नाम के आगे फावड़ा निशान अंकित था और मत पत्र में दूसरे नंबर पर भी नाम छपा मिला। इसे लेकर शुकुन बाई का कहना है कि उन्होंने नकली मतमत्र में चुनाव चिन्ह आवंटन के आधार पर सीढ़ी छाप के लिए और ऊपर क्रम में अपना नाम होने की बात करते हुए प्रचार किया था। लेकिन मतपत्र में उनका नाम नीचे दूसरे क्रम पर है।

साथ ही निशान भी बदल गया है, इससे उसका मत प्रभावित हुआ है, कई मतदाता ऐसे हैं जो चुनाव चिन्ह और क्रम को देखकर ही मत देते हैं, क्योंकि वह पढ़े लिखे नहीं होते। ऐसे में उसको मिले मत निश्चित रूप से प्रभावित हुआ है। इसलिए इस वार्ड का पंच चुनाव रोकने की मांग करते हुए आवेदन दिया। बताया जा रहा है कि 25 वोट डालने के बाद इसकी जानकारी हुई उसके बाद यहां मतदान के दौरान पंच पद के लिए मतदान रोक दिया गया और मत डालने आने वाले लोगों को सरपंच, जनपद एवं जिला पंचायत में मतदान हेतु मत पत्र दिए गए। शाम को इसे लेकर ग्रामीणों ने फिर जब जानकारी ली तो बताया गया कि जितने मत पड़े हैं इनमें ही परिणाम निकाला जाएगा। इसके बाद यहां जमकर विवाद हो गया।







**पाठक सूचना**

बालोद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9425559113, 9425565082
दल्लीराजहरा - 9993246100


# मेले में पर्यटक पर हमला दो के खिलाफ अपराध दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

मेला देखने गए युवक सतीश पर तीन युवकों ने चाकू से हमला कर दिया। पीड़ित को उसके परिजन पीड़ित को भिलाई ले गए। पीड़ित के दोस्त व ग्रामीणों द्वारा अपराधियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। शिकायत के बाद अर्जुन्दा थाने में दो लोगों के खिलाफ धारा 109, 296, 3(5) के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

ग्राम बोड़ेना के नर्मदा धाम मेला स्थल में दो लोगों ने युवक के पेट पर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया। पुलिस के अनुसार हानेश्वर साहू ने जानकारी दी है कि 12 फरवरी को बोड़ेना व राजनांदगांव के दोस्तों के साथ पीड़ित मनीष नर्मदा धाम मेला स्थल में गुपचुप खा रहा था। इस दौरान शाम ▶▶| शेष पेज 13 पर

## खबर संक्षेप



### महापौर को बधाई देने पहुंचे निगम कर्मचारी संघ के नेता और निर्वाचित पार्षद

**रायपुर।** रायपुर नगर निगम कर्मचारी महासंघ के प्रतिनिधिमंडल ने सोमवार को नवनिर्वाचित महापौर मीनल चौबे से मुलाकात कर उन्हें बधाई दी। महापौर के चंगोराभाठा बाजार चौक वसुंधरा नगर स्थित निजी आवास में नगर निगम के अधिकारी और नवनिर्वाचित पार्षद भी बुके लेकर उन्हें बधाई देने पहुंचे। शहरी सरकार के मुखिया से मिलने नगर निगम कर्मचारी एकता संघ के कार्यकारी अध्यक्ष प्रमोद जाधव, उपाध्यक्ष मोहित दर्रो, श्याम सोनी, पदाधिकारी बमशंकर गुप्ता, आनंद ताम्रकार, जितेन्द्र नियाल, राजश्री श्रीवास सहित अन्य पदाधिकारी व कर्मचारी उनके निवास स्थल पहुंचे। कर्मचारियों ने नवनिर्वाचित महापौर मीनल चौबे को शुभकामनाएं दी। नगर निगम के अपर आयुक्त विनोद पांडे, कृष्णा खटिक, निगम सचिव सूर्यकांत श्रीवास्तव, स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. तृप्ति पाणिग्रही, सेवानिवृत्त वरिष्ठ अभियंता बद्री चंद्राकर सहित निगम के अधिकारियों ने महापौर को गुलदस्ता देकर बधाई दी। सोमवार को महापौर को उनके निवास में बधाई देने वालों में नवनिर्वाचित पार्षद व पूर्व नेता प्रतिपक्ष सूर्यकांत राठौर, मुरली शर्मा, पूर्व पार्षद कामिनी देवांगन, सुशीला धीवर, संजू नारायण ठाकुर सहित विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी शामिल रहे।

### स्वामी रामकृष्ण परमहंस की जयंती पर सीएम साय ने किया नमन

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने त्याग और तपस्या की प्रतिमूर्ति स्वामी रामकृष्ण परमहंस की 18 फरवरी को जयंती पर उन्हें सादर नमन किया है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि स्वामी रामकृष्ण परमहंस भारतीय संस्कृति और आध्यात्मिक चेतना के दैदीप्यमान प्रकाश स्तंभ थे। उन्होंने अपने जीवन के माध्यम से भक्ति, प्रेम, त्याग और मानवता के उच्च आदर्शों को चरितार्थ किया। वे मानते थे कि सभी धर्मों का सार प्रेम, न्याय और परोपकार में निहित है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि स्वामी रामकृष्ण परमहंस ने तपस्या, सत्संग, स्वाध्याय और साधना को जीवन का अभिन्न अंग मानते हुए आध्यात्मिक जागरण पर बल दिया। उनके विचारों से प्रेरित होकर स्वामी विवेकानंद ने संपूर्ण विश्व को भारतीय संस्कृति के आध्यात्मिक जीवनमूल्यों का परिचय कराते हुए मानव सेवा का संदेश दिया।

### पीजी रिजल्ट अब तक नहीं, सुपरस्पेशलिटी कोर्स के लिए आवेदन 23 तक

**रायपुर।** मेडिकल कालेजों में एमडी-एमएस अंतिम वर्ष की परीक्षा हुए महीनेभर बीत चुका है, मगर इसका परिणाम घोषित नहीं किया गया है। इसके सुपरस्पेशलिटी कोर्स की तैयारी कर रहे डाक्टरों में संशय की स्थिति बन गई है। नीट-एसएस 2025 के लिए आवेदन करने की अंतिम तारीख 23 फरवरी है। रिजल्ट नहीं आने की वजह से उन्हें प्रवेश परीक्षा में शामिल नहीं होने का डर सता रहा है। पिछले दिनों जूनियर डाक्टर एसोसिएशन ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्वास्थ्य विज्ञान एवं आयुष विवि के रजिस्ट्रार से मिलकर परीक्षा परिणाम शीघ्र घोषित करने की मांग की थी, मगर अब तक रिजल्ट नहीं आया है। चिकित्सा छात्रों के मुताबिक एमडी-एमएस की पढ़ाई पूरी करने वाले चिकित्सा विशेषज्ञ ही सुपरस्पेशलिटी कोर्स यानी डीएम, एमसीएच और डीएनबी कोर्स के लिए पात्र होते हैं। पढ़ाई की शुरुआत करने के लिए उन्हें नीट एसएस का एग्जाम देना होता है। डाक्टरों का कहना है कि वर्ष 2021 बैच के विद्यार्थियों ने अपने अंतिम वर्ष का अंतिम थ्योरी एग्जाम 9 जनवरी को दिलाया था और उन्हें परिणाम घोषित किए जाने का इंतजार है। छात्रों का कहना है कि अगर रिजल्ट शीघ्र नहीं आता, तो प्रदेश के कई छात्र सुपर स्पेशलिटी कोर्स की प्रवेश परीक्षा से वंचित हो सकते हैं।

# निकाय चुनाव के बाद अब पहले सम्मिलन की तैयारी, कलेक्टरों को जारी हुआ निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- निगम, पालिका में अपील समिति का भी होगा चुनाव

छत्तीसगढ़ में नगरीय निकायों के तहत निगम, पालिका और नगर पंचायतों के चुनाव होने के बाद इन सभी निकायों के पहले सम्मिलन की तैयारी है। इस संबंध में राज्य सरकार के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने प्रदेश के सभी कलेक्टरों को निर्देश जारी किया है। निकायों में चुने हुए प्रतिनिधियों के बैठने के पहले ही सरकार द्वारा नियुक्त प्रशासक हट जाएंगे।

## चुने हुए प्रतिनिधियों के बैठने से पहले हटेंगे प्रशासक

### कौन करेगा अध्यक्षता

सम्मिलन की अध्यक्षता के संबंध में कहा गया है कि नगर निगम की स्थिति में जिला कलेक्टर एवं नगर पालिका परिषद, नगर पंचायत की स्थिति में कलेक्टर द्वारा नियुक्त प्राधिकृत अधिकारी सम्मिलन की अध्यक्षता करेंगे। नगर पालिका परिषद, नगर पंचायतों के मामले में प्राधिकृत अधिकारी डिप्टी कलेक्टर के पद की श्रेणी से कम न हों। शपथ का अनुविभागीय दंडाधिकारी के समक्ष हस्ताक्षरित किया जाएगा। संबंधित निकाय क्षेत्र के अनुविभागीय दंडाधिकारियों को ही प्राधिकृत अधिकारी नियुक्त करने के निर्देश दिए गए हैं।




### अपील समिति का भी गठन

नगर पालिका निगम, और पालिका परिषद में अपील समिति के सदस्यों के चुनाव के संबंध में बताया गया है कि किस अधिनियम की किस धारा के तहत अपील समितियों के सदस्यों का चुनाव किया जाएगा। नगर पंचायतों में अपील समिति का गठन करने की जरुरत नहीं है।

नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने राज्य के सभी कलेक्टरों को नगरीय निकायों में प्रथम सम्मिलन के आयोजन, निर्वाचित महापौर, अध्यक्ष, तथा पार्षदों के शपथ ग्रहण, स्पीकर, उपाध्यक्ष का निर्वाचन तथा अपील समिति के सदस्यों के निर्वाचन संबंधी निर्देश दिए हैं। निर्देश में कहा गया है कि छत्तीसगढ़ नगर पिलाक निगम अधिनियम की धारा के तहत निर्वाचन की अधिसूचना की तारीख से 15 दिनों के भीतर चछा नगर पालिका अधिनियम के तहत निर्वाचन की अधिसूचना की तारीख से एक माह के भीतर निर्वाचित पार्षदों का सम्मिलन बुलाया जाएगा।

### सौर ऊर्जा को बढ़ावा, तकनीकी नवाचार से बिजली बचत- मुख्यमंत्री ने दिए निर्देश

# मुख्यमंत्री साय ने कहा- नक्सल प्रभावित इलाकों में विद्युतीकरण को मिली नई गति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने ऊर्जा विभाग की समीक्षा बैठक में प्रदेश में निरंतर और निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने, सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने और नवीन तकनीकों के माध्यम से बिजली व्यय को नियंत्रित करने के लिए ठोस कदम उठाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा, छत्तीसगढ़ में सौर ऊर्जा को बढ़ावा देकर, नवीनतम तकनीकों का उपयोग कर और उपभोक्ताओं को अधिक सुविधाएं देकर हम राज्य को ऊर्जा आत्मनिर्भर बनाएंगे। साथ ही, ग्रामीण व शहरी विद्युतीकरण के कार्यों को तेजी से आगे बढ़ाते हुए हर घर तक बिजली पहुंचाने का लक्ष्य पूरा करेंगे।

मुख्यमंत्री ने नियद नेल्लानार योजना के तहत नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में हुए व्यापक विद्युतीकरण की सराहना की। उन्होंने कहा कि नक्सल प्रभावित सभी गांवों को विद्युत सुविधा से जोड़ना राज्य सरकार की प्राथमिकता है। इससे ग्रामीणों को विकास की मुख्यधारा में शामिल करने और उनके जीवन स्तर को सुधारने में मदद मिलेगी। मुख्यमंत्री श्री साय ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि विद्युत सुविधाओं से वंचित शेष क्षेत्रों को जल्द से जल्द रोशन किया जाए।

### उपभोक्ताओं को बिजली बिल भुगतान में राहत

मुख्यमंत्री श्री साय ने बिजली बिल के बकाया भुगतान को लेकर उपभोक्ताओं को विशेष राहत देने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा, बिजली बिल का समय पर भुगतान न होने से सरकार को राजस्व हानि होती है, वहीं उपभोक्ताओं को भी असुविधा का सामना करना पड़ता है, इसलिए बकाया बिल के एकमुश्त भुगतान की विशेष सुविधा दी जानी चाहिए। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि उपभोक्ताओं को मोबाइल मैसेज और लिंक के माध्यम से उनके बिजली बिल की जानकारी उपलब्ध कराई जाए। ताकि वे आसानी से ऑनलाइन भुगतान कर सकें।

### सौर ऊर्जा का उपयोग बढ़ाने पर बल

उन्होंने सौर ऊर्जा के उपयोग को अधिकतम करने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में सौर ऊर्जा उत्पादन की अपार संभावनाएं हैं, जिसे घरेलू, वाणिज्यिक और औद्योगिक स्तर पर अपनाने के लिए नई योजनाएं प्रभावी ढंग से लागू की जानी चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि राज्य में सौर ऊर्जा परियोजनाओं को प्राथमिकता दी जाए और अधिक से अधिक लोगों को इससे जोड़कर ऊर्जा आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ा जाए।

# साव बोले- हमारे कार्यकर्ता पंचायत चुनावों में भी बड़ी संख्या में जीतेंगे



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश के उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने नगरीय निकायों में ऐतिहासिक जीत को भाजपा की सकारात्मक जीत बताते हुए कहा, निकाय चुनावों में हम अपने कार्यों को लेकर जनता के बीच पहुंचे थे और जनता के साथ-साथ हमें भी अपने कार्यों पर पूरा भरोसा है और यही विश्वास भाजपा के पक्ष में सकारात्मक मतदान का आधार बना। भाजपा की प्रचण्ड जीत को ईवीएम की जीत बताना कांग्रेस द्वारा जनता और उनके जनादेश का अपमान है। अब पंचायत चुनाव में भी हमारे कार्यकर्ता बड़ी संख्या में जीतेंगे। श्री साव ने एकात्म परिसर में पत्रकारों से चर्चा में कांग्रेस पर कटाक्ष करते हुए कहा, दिल्ली में कांग्रेस शून्य पर रही है, छत्तीसगढ़ के नगर निगमों में भी शून्य पर रही। कांग्रेस लगातार शून्य की ओर बढ़ रही है। श्री साव ने कहा, प्रदेश की जनता ने सभी 10 नगर निगमों में भाजपा को ऐतिहासिक बढ़त और अंतर के साथ जिताया है, 49 में से 35 नगरपालिकाओं और 114 नगर पंचायतों में से 81 नगर पंचायतों में भाजपा के अध्यक्ष निर्वाचित हुए हैं। पिछले 13-14 महीनों में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में हमारी सरकार ने मोदी की गारंटी के तहत किए गए वादों को तेजी से पूरा करने का काम किया। नगरीय निकाय क्षेत्रों में तेजी से लगातार विकास के काम किए। 7,500 करोड़ रुपए की राशि नगर निकायों को जारी की। हमारे कामों पर जनता ने अपने विश्वास की मुहर लगाई है।

### निकाय चुनाव में हमारा वोट प्रतिशत बढ़ा

श्री साव ने कहा, पिछले विधानसभा चुनाव में भाजपा को 46 प्रतिशत से अधिक वोट मिले, लोकसभा चुनाव में 52 प्रतिशत से अधिक वोट मिले और अब नगरीय निकाय के चुनावों में भाजपा को 55.41 प्रतिशत वोट मिले है। लगातार भाजपा का जनाधार बढ़ता ही चला जा रहा है। श्री साव ने तीन चरणों में होने रहे त्रि-स्तरीय पंचायत चुनावों को लेकर कहा, गांवों में लोकतंत्र का उत्सवी वातावरण देखते ही बन रहा है। निश्चित रूप से पंचायतों का परिणाम भी भाजपा के अनुकूल रहेगा।

# राजिम कुंभ में पांच बिस्तरों का अस्थायी अस्पताल, छह दिन में 9 सौ का हुआ उपचार





**मेले में न बिगड़े लोगों की तबीयत, इसलिए नियमित ओपीडी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजिम में 12 फरवरी से शुरू हुए कुंभ मेले में स्वास्थ्य विभाग द्वारा अस्थायी अस्पताल बनाया गया है। पांच बेड के इस अस्थायी अस्पताल में छह दिन की ओपीडी में 9 सौ लोगों की जांच के बाद आवश्यक उपचार किया गया है। इसके साथ किसी भी तरह की इमरजेंसी से निपटने के लिए समीप के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को भी अलर्ट पर रखा गया है।

राजिम में होने वाले मेला में बड़ी संख्या में भीड़ जुटती है, जिसे देखते हुए वहां व्यापक इंतजाम किया जाता है। रायपुर के साथ गरियाबंद जिले के स्वास्थ्य विभाग की टीम भी वहां तैनात होकर आने वालों की सेहत का खयाल रखती है। रायपुर जिले द्वारा मेला स्थल पर अस्थायी अस्पताल बनाया गया है, जहां गंभीर स्थिति में आने वाले मरीजों को भर्ती कर प्राथमिक उपचार देने के लिए पांच बिस्तरों की व्यवस्था की गई है। यहां नियमित रूप से ओपीडी का आयोजन भी किया जा रहा है। आने वाले मरीजों की जांच और उनकी परेशानी के मुताबिक दवाओं का वितरण भी किया जा रहा है। मेले में आने वाले किसी भी शख्स को स्वास्थ्य संबंधी समस्या होने पर जांच के लिए वहां चिकित्सक सहित अन्य स्टाफ की ड्यूटी लगाई गई है। 12 फरवरी से 17 फरवरी तक हुई ओपीडी में यहां करीब नौ लोगों की जांच की गई। इस अस्थायी अस्पताल में आने वालों के बीपी-शुगर, शरीर दर्द, बुखार जैसी समस्याओं का निदान किया जा रहा है।

### व्यवस्था की गई

राजिम मेले में आने वाले लोगों की स्वास्थ्यगत सुविधा का ध्यान रखते हुए वहां स्वास्थ्य केंद्र प्रारंभ किया गया है। नियमित ओपीडी लगाकर आने वालों की जांच की जा रही है। आपातकाल स्थिति के लिए भी इंतजाम किया गया है।

- डॉ. मिथिलेश चौधरी, सीएमएचओ रायपुर

# टीएस बोले- प्रदेश अध्यक्ष की जवाबदारी मिलती है तो तैयार हूं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर/बिलासपुर

पूर्व उप मुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव का कहना है कि यदि पार्टी प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष पद की उन्हें जवाबदारी देती है, तो वे उसके लिए तैयार हैं। नगरीय निकाय में कांग्रेस की पराजय पर उनका कहना है कि इन चुनावों में स्थानीय परिस्थितियां हावी होती हैं और ज्यादातर चुनाव में उम्मीदवारों का योगदान होता है।



श्री सिंहदेव सोमवार को बिलासपुर के पूर्व विधायक शैलेष पांडेय के निवास पहुंचे थे। इस दौरान पीसीसी अध्यक्ष बनने को लेकर किए गए सवाल पर उन्होंने बेबाकी से जवाब दिया। कांग्रेस पार्टी में बदलाव के प्रश्न पर उनका कहना था कि आल इंडिया कांग्रेस कमेटी स्तर पर पूरे देश में बदलाव चल रहा है। चुनावी नतीजों के बाद छत्तीसगढ़ कांग्रेस में प्रदेश अध्यक्ष बदले जाने की चर्चा है। दीपक बैज की जगह टीएस सिंहदेव पीसीसी अध्यक्ष बनाए जा सकते हैं, लेकिन पार्टी के बड़े नेता इस बारे में सीधे कुछ भी कहने से बच रहे हैं। उल्लेखनीय है कि नगरीय निकाय चुनाव में कांग्रेस की करारी हार के बाद प्रदेश संगठन में बदलाव की चर्चा जोरों पर है। वहीं प्रदेश संगठन के नेताओं के बीच समन्वय की कमी और गुटबाजी को हार का प्रमुख कारण बताया जा रहा है। कांग्रेस नेताओं के बीच इसकी चर्चा है।

### प्रदेश अध्यक्ष नियुक्ति का अधिकार हाईकमान को : भूपेश



*रायपुर एयरपोर्ट पर मीडिया से बातचीत के दौरान जब पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से इस बारे में पूछा गया, तब उन्होंने कहा, प्रदेश अध्यक्ष पद पर नियुक्ति के बारे में कोई भी टिप्पणी करने का अधिकार केवल पार्टी हाईकमान को है। उन्होंने कहा, संगठन में प्रदेश स्तर की नियुक्तियों पर फैसला हाईकमान लेगा। ना हम इस मामले में बात करते और ना ही इसके लिए अधिकृत हैं। उन्होंने कहा, ये हाईकमान का विशेषाधिकार है। अगर हमें इस बारे में किसी भी तरह की सलाह या टिप्पणी करने के लिए कहा जाता है, तो हम अपनी राय जरूर देंगे।*

## डहरिया ने कहा- निकाय चुनाव में हार की होगी समीक्षा



पूर्व मंत्री शिव डहरिया ने कहा, नगरीय निकाय चुनाव में पार्टी की हार की पंचायत चुनाव के बाद कांग्रेस इसकी समीक्षा करेगी। उन्होंने कहा, हार की जिम्मेदारी हम सबकी है। बीजेपी ने सरकारी मशीनरियों का दुरुपयोग भी किया है। हार की जिम्मेदारी सामुदायिक नेतृत्व की है। हार के बाद कांग्रेस जिला अध्यक्ष, प्रदेश अध्यक्ष के इस्तीफा की मांग पर उन्होंने कहा, चुनाव हारने के बाद इस तरह की बातें आती हैं। नगरीय निकाय चुनाव में परिणाम सत्ता के पक्ष में जाता है। भाजपा ने सत्ता का दुरुपयोग किया। डराने धमकाने का काम किया। शराब और पैसे खुलकर बांटे गए। भाजपा का प्रत्याशी खुलेआम नोट बांटते हुए पकड़ा गया।

### पंचायत चुनाव में कांग्रेस की स्थिति अच्छी रहेगी

भाजपा के विजय रथ को रोकने के लिए क्या रणनीति होगी? इस पर पूर्व मंत्री शिव कुमार डहरिया ने कहा, हार की समीक्षा होगी। हाई कमान भी इस पर ध्यान दे रहा है। पंचायत चुनाव को लेकर उन्होंने कहा, ग्रामीण क्षेत्रों में पहले चरण का मतदान हो रहा है। नगरीय निकाय चुनाव में भारतीय जनता पार्टी ने जिस तरह से सरकारी मशीनरी का दुरुपयोग किया, इस तरह के हथकंडे इस चुनाव में भी अपनाए जा रहे हैं। ग्राम पंचायत के चुनाव में कांग्रेस की स्थिति अच्छी रहेगी। हमारे बहुत से प्रत्याशी जीतेंगे।

### कांग्रेस में अपनी बात रखने की स्वतंत्रता

नगरीय निकाय चुनाव में हार के बाद कांग्रेस कार्यकर्ता सोशल मीडिया पर भड़ास निकाल रहे और जिम्मेदार जिलाध्यक्षों पर कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। मामले में पूर्व मंत्री शिव डहरिया ने कहा, हमारी पार्टी में इतनी स्वतंत्रता है कि कार्यकर्ता अपनी बात रख सकते हैं। आने वाले समय में समीक्षा बैठक होगी। सभी पर खुलकर चर्चा होगी और उस पर कुछ ना कुछ निष्कर्ष सामने आएगा।

### 30 फीसदी बोनस आधार पर इन-सर्विस उम्मीदवार को मिली थी सिम्स की सीट

# एमडी-एमएस प्रवेश के स्ट्रे राउंड पर स्टे, बोनस अंक पर उपजा विवाद हाईकोर्ट पहुंचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मेडिकल कालेजों की पीजी सीटों पर एडमिशन में नियम की अनदेखी करने का एक और मामला हाईकोर्ट पहुंच गया है। इन-सर्विस उम्मीदवार को गलत तरीके से 30 फीसदी बोनस देने के मामले में आज से शुरू होने वाले स्ट्रे वैकेंसी राउंड पर हाईकोर्ट ने रोक लगा दी है। उम्मीदवार को इससे बिलासपुर सिम्स की सीट आवंटित हो गई थी। कोर्ट के आदेश पर चिकित्सा शिक्षा विभाग ने सोमवार से शुरू होने वाली संस्था चयन की प्रक्रिया को आगामी आदेश तक स्थगित कर दिया है।

प्रदेश के शासकीय और निजी मेडिकल कालेज में एमडी-एमएस की सीटों पर प्रवेश की काउंसिलिंग प्रक्रिया पिछले चार माह से चल रही है। प्रवेश अथवा नियम के पालन में आने वाले कमियों की वजह से यह डिले होता चला आ रहा है। चिकित्सा शिक्षा विभाग मॉपअप राउंड पूरा करने के बाद स्ट्रे



राउंड की संस्था चयन प्रक्रिया के साथ सोमवार से शुरुआत करने वाला था, जिस पर हाईकोर्ट की रोक लग गई है। कुछ विद्यार्थियों ने बिलासपुर शासकीय कालेज में त्वचा रोग विभाग की सीट प्राप्त करने वाले भावेश पटेल के 30 फीसदी बोनस अंक को न्यायालय में चुनौती दी थी। शिकायत की गई थी कि बोनस अंक देने के लिए नियम की अनदेखी हुई है। हाईकोर्ट के न्यायाधीश द्वारा याचिका पर सुनवाई के बाद काउंसिलिंग की प्रक्रिया पर रोक लगाने का आदेश दिया है। मामले में अगली सुनवाई 25 फरवरी को की जाएगी। न्यायालय के इस आदेश के बाद चिकित्सा शिक्षा विभाग की काउंसिलिंग कमेटी ने सोमवार से खाली सीटों पर प्रवेश के लिए स्ट्रे राउंड के दौर में सोमवार से शुरू होने वाली च्वाइस फीलिंग की प्रक्रिया को अगले आदेश तक स्थगित कर दिया है।

### तो अगले वर्ष नीट परीक्षा से वंचित

स्ट्रे राउंड में आवंटित सीट पर प्रवेश नहीं लेने वाले अभ्यर्थियों पर एमसीसी द्वारा अधिक सख्ती बरतने का आदेश जारी किया गया है। 14 फरवरी को जारी पत्र के अनुसार प्रवेश नहीं लेने वाले उम्मीदवारों की पंजीयन राशि तो जब्त की ही जाएगी, इसके अलावा उन्हें अगले साल होने वाली नीट पीजी की परीक्षा से भी वंचित कर दिया जाएगा। यह मामला अक्सर सामने आता है कि पसंदीदा सीटें नहीं मिलने पर उम्मीदवार एडमिशन नहीं लेते।

### पहली बार स्वयं सुधार ली थी गलती

बोनस अंक के आवंटन में बरती गई कोताही का यह दूसरा मामला है। पहली बार स्वास्थ्य केंद्र में सेवा देने वाले चिकित्सा अधिकारी डा. यश को तीस प्रतिशत बोनस अंक देने पर सवाल खड़ा किया गया था। उसे उस 30 प्रतिशत अंक की वजह से जेएन कालेज में सीट मिल गई थी। शिकायतों के बाद मामले की जांच हुई और स्वास्थ्य संचालनालय से मिलने वाले पत्र के बाद सुधार करते हुए चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा दूसरी आवंटन सूची जारी की गई थी। इस बार आला अधिकारियों द्वारा शिकायत पर ध्यान नहीं देने से मामला उच्च न्यायालय तक पहुंच गया।




### मां बंजारी स्कूल परिसर में विशेष शिविर 22 तक

**रायपुर।** शहीद नंदकुमार पटेल शासकीय महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई द्वारा 16 फरवरी से रावांभाठा स्थित मां बंजारी स्कूल परिसर में सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजित किया जा रहा है। यह शिविर 22 फरवरी तक चलेगा, जिसमें विभिन्न सामाजिक और विकासात्मक गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। शिविर में महाविद्यालय के 25 विद्यार्थी स्वयंसेवक भाग ले रहे हैं। शिविर का शुभारंभ कार्यक्रम अधिकारी डॉ. कविता कोसरिया, महाविद्यालय की सहायक प्राध्यापक अनुराधा साहू और डॉ. मनोज कुमार शर्मा की उपस्थिति में किया गया। इसी दौरान महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. प्रीति शर्मा, डॉ कविता कोसरिया ने बताया कि इस शिविर का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण विकास, स्वच्छता, सामाजिक जागरूकता, नशामुक्ति और पर्यावरण संरक्षण तथा तकनीकी साक्षरता जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर कार्य करना है।

## खबर संक्षेप



### भनपुरी ओवरहेड टैंक की सील्ट सफाई

**रायपुर।** नगर निगम के जल कार्य विभाग द्वारा भनपुरी के 3200 किलो लीटर क्षमता के ओवर हेड टैंक की सील्ट सफाई का कार्य करवाया गया। सोमवार को सुबह की नियमित जल आपूर्ति करने के बाद ओवर हेड टैंक की सफाई के साथ-साथ कैमिकल ट्रीटमेंट कराया गया। नगर निगम से अनुबंधित सतगुरु एजेंसी और सेफ क्लीन एजेंसी को ओवर हेड टैंक की सफाई का जिम्मा दिया गया है। भनपुरी पानी टंकी की सफाई का कार्य सुबह 9 बजे से शुरू हुआ, जो दोपहर 2 बजे तक पूरा कर लिया गया। 18 फरवरी को गोगांव क्षेत्र में स्थापित 3200 किलो लीटर क्षमता वाली पानी टंकी की सफाई करवाई जायेगी। यह कार्य संबंधित क्षेत्र में सुबह की नियमित जलापूर्ति के बाद प्रारंभ किया जावेगा।

### 'परीक्षा में सफलता' बच्चों के लिए की विशेष प्रार्थना

**रायपुर।** राजधानी में सेंट पॉल्स कैथेड्रल में स्कूली परीक्षाओं में सफलता के लिए बच्चों के लिए विशेष प्रार्थना की गई। इस मौके पर ईएलसी के बिशप द राइट रेवरेंड एसके सुक्का, प्रसेबिटर इंचार्ज पादरी सुनील कुमार, पादरी सुशील मसीह, डीकन मनशीश केजू व जीवन मसीह तथा सेवक ऐश्वर्य लिविंग्स्टन ने दुआ मांगी। उन्होंने बच्चों को आशीर्वाद दिया और बच्चों को पढ़ाई में मेहनत कर सफलता पाने के लिए शुभकामनाएं भी दीं।

### देह व्यापार का मास्टर माइंड कोलकाता से गिरफ्तार

**रायपुर।** राजधानी रायपुर के वीआईपी रोड पर एक्सीडेंट करने के बाद नशे की हालत में विदेशी युवती ने हंगामा किया था। इस घटना के बाद पुलिस ने जब घटना की जांच की, तो इसमें देह व्यापार के बड़े गिरोह का खुलासा हुआ। इस गिरोह में संलिप्त लोग अलग-अलग राज्यों के साथ विदेशी युवतियों को बुकिंग पर रायपुर सहित प्रदेश के अन्य जिलों में भेजा करते थे। पुलिस एक्सीडेंट करने वाली विदेशी युवती और अधिवक्ता भावेश आचार्य से पूछताछ और उनके मोबाइल से मिले सुराग के आधार पर रायपुर के साथ कवर्धा, अम्बिकापुर, महासमुंद, जगदलपुर एवं भिलाई आदि शहरों से भी इस व्यापार में संलिप्त लोगों को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है, वहीं अब इस गिरोह के मास्टर माइंड जुगल कुमार राय को भी परगना पश्चिम बंगाल से गिरफ्तार किया गया है।

पेज 11 का शेष

### मेले में पर्यटक ...

साढ़े 7 बजे ग्राम भरदाकला का मनीष धनकर अपने दोस्त के साथ आया और उनके साथ गाली गलौज और विवाद करने लगा। कुछ देर बाद पीड़ित सतीश ने आकर अपने पेट के चोट के निशान को दिखाकर बताया कि भरदाकला के युवकों ने धारदार चीज से उसके पेट में वार किया है। तत्काल उसके दोस्त पीड़ित को को बाइक से उसके घर ले गया। वहां से प्राइवेट गाड़ी कर घायल अवस्था में राजनांदगांव के अस्पताल ले गए, जहां सही इलाज नहीं होने पर भिलाई के अस्पताल में भर्ती कराया। सतीश गंभीर हालत में है। उसके माता–पिता, रिश्तेदार इलाज कराने में व्यस्त हैं।

# छग की उत्तरपुस्तिकाएं पेपर खत्म होने के 3 घंटे के भीतर भुवनेश्वर भेजनी होंगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

सीबीएसई राजधानी के छात्रों की उत्तरपुस्तिकाएं जांचने के लिए जिले के बाहर भेजेगा। जबकि माध्यमिक शिक्षा मंडल राजधानी रायपुर में दो मूल्यांकन केंद्र बनाएगा। सीबीएसई की परीक्षाएं प्रारंभ हो चुकी है, जबकि मंडल के पर्चे एक मार्च से शुरू हो रहे हैं। परीक्षाएं समाप्त होने का इंतजार किए बगैर ही दोनों बोर्ड उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन प्रारंभ कर देंगे। सीबीएसई ने रायपुर के आधा दर्जन से अधिक निजी स्कूलों का चयन मूल्यांकन केंद्र के रूप में किया है। इनमें दिल्ली पब्लिक स्कूल, ज्ञान गंगा, महर्षि विद्यालय, होलीक्रॉस तथा केंद्रीय विद्यालय शामिल हैं। वहीं माध्यमिक शिक्षा मंडल प्रतिवर्ष की भांति जेएन पांडे विद्यालय और दानी गर्ल्स स्कूल में उत्तरपुस्तिकाओं की जांच करवाएगा। सीबीएसई राजधानी रायपुर में मूल्यांकन केंद्र तो निर्मित कर रहा है, लेकिन रायपुर के छात्रों की कॉपियां यहां नहीं जांची जाएंगी। सीबीएसई की परीक्षाओं का समय सुबह 10.30 से 1.30 बजे तक निर्धारित है। परीक्षाएं समाप्त होने के 3 घंटे 30 मिनट अर्थात 5 बजने के पूर्व तक स्कूलों को छात्रों की उत्तरपुस्तिकाएं भुवनेश्वर पोस्ट करनी होगी। डाक के जरिए ये उत्तरपुस्तिकाएं भेजी जा रही हैं।

- सीबीएसई की परीक्षाएं शुरू, माशिम के पर्चे अगले सप्ताह से
- परीक्षाएं समाप्त होने के पूर्व ही प्रारंभ कर दी जाएगी उत्तरपुस्तिकाएं जांचने की प्रक्रिया




### बोर्ड अपने परिवहन साधन करेगा प्रयोग

रायपुर सहित प्रदेश के सीबीएसई स्कूल भुवनेश्वर रीजनल के अंतर्गत आते हैं। सभी स्थानों की उत्तरपुस्तिकाएं भुवनेश्वर भेजे जाने के बाद रीजनल कार्यालय ही इन्हें सभी राज्यों में वितरित करता है। अंदरूनी सूत्रों के अनुसार, इस प्रक्रिया में एक राज्य की उत्तरपुस्तिका दूसरे राज्य भी प्रेषित कर दी जाती हैं। डाक के जरिए प्राप्त हुई उत्तरपुस्तिकाओं को मूल्यांकन केंद्र तक पहुंचाने और वहां से मूल्यांकन होने के बाद पुनः कार्यालय लाने के लिए बोर्ड अपने परिवहन साधनों का प्रयोग करेगा। इसमें सामान्यतः ट्रक और छोटे आकार की गाड़ियां शामिल होती हैं।

### क्यूआर कोड के जरिए भरे जाएंगे अंक

गौरतलब है कि इस बार सीबीएसई ने उत्तरपुस्तिकाओं में क्यूआर कोड भी लगाया है ताकि डूप्लीकेट उत्तरपुस्तिका अथवा नकल की किसी तरह की आशंका ना हो। कॉपियों के मूल्यांकन के बाद उसमें दिए हुए क्यूआर कोड के जरिए छात्रों के अंक भरे जाएंगे। ऑनलाइन पोर्टल में अंक भरने के बाद इसके आधार पर विद्यार्थियों के अंतिम परिणाम तैयार किए जाएंगे।

## समय सीमा की बैठक में कलेक्टर ने विभिन्न विभागों के कार्यों की विस्तृत समीक्षा की

# निर्वाचन में लगे अधिकारी-कर्मचारी पूरी निष्ठा लगन एवं तत्परता के साथ दायित्वों का करें निर्वहन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक समय–सीमा की बैठक में विभिन्न विभागों के कार्यों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन के कार्यों की समीक्षा करते हुए सभी अधिकारियों को निर्वाचन से जुड़े सभी कार्यों को सफलतापूर्वक एवं त्रुटिरहित ढंग से संपन्न कराने हेतु सभी तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने कहा कि निर्वाचन कार्य अत्यंत महत्वपूर्ण एवं सर्वोच्च प्राथमिकता वाले कार्यों में से एक है। इसलिए इस कार्य में किसी भी प्रकार की त्रुटि या लापरवाही की बिल्कुल भी गुंजाईश नहीं होती है। उन्होंने निर्वाचन कार्य में लगे सभी अधिकारी–कर्मचारियों को प्रत्येक कार्यों को विशेष सावधानी एवं त्रुटिरहित ढंग से पूरा करने के निर्देश दिए। चन्द्रवाल ने त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन के प्रथम चरण के अंतर्गत अभी हाल में ही 17 फरवरी को जिले के डौण्डीलोहारा एवं डौण्डी विकासखण्ड में मतदान एवं मतगणना कार्य को सफलतापूर्वक संपन्न कराने के लिए निर्वाचन कार्य में लगे सभी अधिकारी–कर्मचारियों को बधाई भी दी। उन्होंने कहा कि निर्वाचन कार्य में लगे सभी अधिकारी–कर्मचारियों ने पूरी निष्ठा, लगन एवं तत्परता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन किया है। जिसके फलस्वरूप जिले के दोनों विकासखण्डों में त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन का कार्य सफलतापूर्वक संपन्न हुआ है। बैठक में चन्द्रवाल ने द्वितीय चरण के अंतर्गत गुरूवार 20 फरवरी को बालोद विकासखण्ड में होने वाले मतदान के तैयारियों की भी समीक्षा की। उन्होंने इस संबंध में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सुरेश साहू को 20 फरवरी को होने वाले मतदान एवं मतगणना के तैयारियों के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी ली।

इसके अंतर्गत उन्होंने बुधवार 19 फरवरी को मतदान सामग्रियों का वितरण से लेकर मतदान दलों का सकुशल मतदान केन्द्रों में पहुंचाने की व्यवस्था एवं मतदान तिथि 20 फरवरी को सुबह निर्धारित समयावधि में मतदान प्रारंभ कराने आदि सभी तैयारियों की समीक्षा की। इसके अंतर्गत उन्होंने कार्यपालिक दण्डाधिकारियों की नियुक्ति, मतदान केन्द्रों में सुरक्षा बलों की तैनातगी, पीठासीन अधिकारियों के व्हाट्सएप्प ग्रुप का निर्माण आदि के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी ली। चन्द्रवाल ने मतदान दिवस के दिन किसी भी स्थिति से निपटने पुलिस पेट्रोलिंग पार्टी को पूरे समय मुस्तैद रखने के निर्देश भी दिए।



### गर्मी में पेयजल व्यवस्था का पुख्ता इंतजाम करें लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग

बैठक में कलेक्टर चन्द्रवाल ने कार्यपालन अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग से ग्रीष्म काल के दौरान जिले के सभी स्थानों पर आम लोगों के लिए शुद्ध पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित कराने हेतु किए जा रहे उपायों के संबंध में जानकारी ली। चन्द्रवाल ने कहा कि ग्रीष्मकाल के दौरान जिले के सभी स्थानों में आम जनता को समुचित मात्र में शुद्ध पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित हो सके, इसके लिए निर्धारित समयावधि में कार्य योजना बनाकर जरूरी उपाय सुनिश्चित की जाए। बैठक में कलेक्टर ने मुख्य चिकित्सक एवं स्वास्थ्य अधिकारी को जिले में फाइलेरिया (हाथी पांव) के बीमारी से बचाव हेतु आम जनता को सामूहिक दवा के सेवन कराने हेतु की जा रहे तैयारियों के संबंध में जानकारी ली। इसके लिए उन्होंने समुचित तैयारी करने के निर्देश भी दिए।

### बोर्ड परीक्षा की जिम्मेदारी जिला शिक्षा अधिकारी की

बैठक में कलेक्टर चन्द्रवाल ने प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी को 1 मार्च से प्रारंभ हो रही कक्षा 10वीं एवं 12वीं के बोर्ड परीक्षाओं के आयोजन के तैयारियों के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने जिले में बोर्ड परीक्षाओं के सफल आयोजन हेतु निर्धारित समयावधि में सभी तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके अंतर्गत उन्होंने जिले के सभी परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण एवं सत्यापन आदि के संबंध में जानकारी ली। इसके अलावा उन्होंने प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी को कक्षा 5वीं एवं 8वीं बोर्ड परीक्षा के आयोजन के तैयारियों के संबंध में जानकारी लेते हुए इन परीक्षाओं के सफल आयोजन हेतु सभी तैयारियां सुनिश्चित करने को कहा।

## नगरीय निकायों में अध्यक्ष व पार्षदों का होगा शपथ ग्रहण

**बालोद।** प्रदेश के नगरीय निकाय चुनाव 2025 के नतीजे आने के बाद अब नगरीय निकायो मे अध्यक्ष व पार्षदों का शपथ ग्रहण होगा। इसी बीच उपाध्यक्ष का भी निर्वाचन होगा। यह सब कुछ एक महीने के भीतर होना है, यानी आगामी 15 मार्च तक नवनिर्वाचित पार्षदों का प्रथम सम्मिलन का आयोजन हो जाएगा। राज्य शासन के नगरीय प्रशासन विभाग ने सोमवार को इस आशय का परिपत्र भेजा गया है, विभागीय सचिव के हस्ताक्षर से जारी उक्त परिपत्र के जरिये निकायों में चुनाव के बाद नवनिर्वाचित पार्षदों के प्रथम सम्मेलन से संबंधित समस्त कार्रवाई सुनिश्चित करने और संशोधित अधिनियम व नियम से अवगत कराया गया है।

विभागीय सचिव ने स्पष्ट किया है कि प्रथम सम्मेलन की अध्यक्षता नगर पालिका निगम मे जिला कलेक्टर व नगर पालिका परिशद्, नगर पंचायत मे कलेक्टर द्वारा नियुक्त प्राधिकृत अधिकारी द्वारा की जाएगी। नगर पालिका परिशद् व नगर पंचायतों के मामले में प्राधिकृत अधिकारी डिप्टी कलेक्टर के पद श्रेणी से कम न हो, अर्थात शपथ या प्रतिज्ञान अनुविभागीय दंण्डाधिकारी समक्ष हस्ताक्षरित किया जाना है। इसलिए संबंधित अनुविभागीय दंण्डाधिकारियो को ही प्राधिकृत अधिकारी नियुक्त किये जाने की पूरी संभावना है। पत्र मे लिखा है कि निर्वाचित अध्यक्ष, पार्षदों का शपथ ग्रहण नगर पालिका निगम मे छत्तीसगढ़ नगर पालिका निगम अधिनियम 1956 के अनुसार और नगर पालिका व नगर पंचायत मे छत्तीसगढ़ नगर पालिका अधिनियम 1961 के अनुसार अध्यक्ष व पार्षदों को शपथ दिलाई जावेगी। इसी तरह अध्यक्ष या सभापति का निर्वाचन भी छत्तीसगढ़ नगर पालिका अधिनियम 1988 के अनुसार किया जाएगा नगर पालिका व नगर पंचायत मे उपाध्यक्ष का निर्वाचन छत्तीसगढ़ नगर पालिका अधिनियम की धारा 55 नियम 1988 यथा 2025 मे संशोधित के अनुसार किया जाएगा। इसके अलावा नगर पालिका निगम और नगर पालिका परिषद मे अपील समिति के सदस्यों का निर्वाचन छत्तीसगढ़ नगर पालिका निगम अधिनियम 1956 की धारा 403 की उपधारा 4 तथा नगर पालिका मे छत्तीसगढ़ नगर पालिका अधिनियम 1961 की धारा 307 की उपधारा 2 के अनुसार अपील समिति के सदस्यो का निर्वाचन संपन्न होगा। नगर पंचायतों मे अलग से अपील समिति गठित किए जाने की जरूरत नही है।

# सीईओ ने किया औचक निरीक्षण अस्पताल की व्यवस्थाओं का लिया जायजा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे ने आज गुण्डरदेही विकासखण्ड के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र अर्जुन्दा का आकस्मिक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

इस दौरान उन्होंने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के लेबर रूम, महिला वार्ड, पुरूष वार्ड, ओटी, दवाई स्टोर रूम, लैब, ड्रेसर रूम, वैक्सीन रूम तथा विभिन्न वार्डों का निरीक्षण किया। डॉ. कन्नौजे ने प्रभारी खण्ड चिकित्सा अधिकारी एवं अस्पताल के अधिकारी–कर्मचारियों से अस्पताल में भर्ती होने वाले मरीजों से मधुर एवं आत्मीय व्यवहार करने तथा उन्हें समुचित इलाज मुहैया कराने के निर्देश भी दिए। इस दौरान डॉ. कन्नौजे ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में प्रतिदिन आई.पी.डी. एवं ओ.पी.डी. की संख्या के अलावा अस्पताल में संस्थागत प्रसव आदि के संबंध में जानकारी ली। इसके अलावा उन्होंने अस्पताल के लैब में होने वाले टेस्ट तथा टेस्ट रिपोर्ट को प्रदान करने की अवधि के संबंध में जानकारी दी। डॉ. कन्नौजे ने प्रभारी खण्ड चिकित्सा अधिकारी से अस्पताल में संचालित 'जेनेरिक मेडिकल स्टोर' में उपलब्ध दवाईयों के संबंध में भी जानकारी ली। उन्होंने 'जेनेरिक मेडिकल स्टोर' में समुचित मात्रा में दवाईयों की उपलब्धता सुनिश्चित कराने के निर्देश भी दिए।

- मरीजों से मधुर एवं आत्मीय व्यवहार करने अधिकारी–कर्मचारियों को दिए निर्देश

### अनुपस्थित को कारण बताओ नोटिस

इस दौरान सीईओ डॉ. कन्नौजे ने अस्पताल के विभिन्न वार्डों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। डॉ. कन्नौजे ने वार्ड नंबर 01 में मधुमक्खी काटने से अस्पताल में भर्ती मरीज से बातचीत कर उनका हालचाल पूछा। उन्होंने मौके पर उपस्थित डॉक्टरों को उसका समुचित इलाज करने हेतु निर्देशित भी किया। उन्होंने महिला वार्ड में 01 बच्ची को मधुमक्खी काटने से एडमिट होने पर उनका बेहतर इलाज करने के निर्देश दिए। डॉ. कन्नौजे ने अस्पताल में समुचित साफ–सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित कराने तथा महिला एवं पुरूष वार्ड के खिड़कियों में जाली लगाने के निर्देश भी दिए। निरीक्षण के दौरान अस्पताल में पदस्थ दंत चिकित्सक डॉ. देवेश साहू के अनुपस्थित पाए जाने पर डॉ. कन्नौजे ने उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने अस्पताल के सभी अधिकारी–कर्मचारियों को समय पर अपने कार्य में उपस्थित होकर निर्धारित समयावधि में उपस्थित होकर निष्ठापूर्वक अपने दायित्वों का निर्वहन करने की समझाईश दी।

# दो शातिर चोर गिरफ्तार, सूने मकानों को बनाते थे निशाना, एक खरीदार भी पकड़ा गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर के सूने मकानों को निशाना बनाकर चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले दो शातिर चोरों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। दोनों चोरों ने न्यू राजेंद्र नगर और टिकरापारा थाना क्षेत्र अंतर्गत 7 सूने मकानों में चोरी की वारदात को अंजाम दिया है।

इन दोनों के कब्जे से लाखों कीमत के सोने-चांदी के जेवरात तथा एक पल्सर वाहन बरामद किया गया है। पुलिस ने इस मामले में चोरी के जेवरात खरीदने वाले एक ज्वेलर्स संचालक को भी गिरफ्तार किया है।

### गिरोह बनाकर करते थे चोरी

एसएसपी लाल उम्मेद सिंह ने इस गिरोह का खुलासा करते हुए बताया कि न्यू राजेंद्र नगर और टिकरापारा क्षेत्र में सूने मकानों में लगातार चोरी की घटनाएं हो रही थीं। इसे देखते हुए अधिकारियों को आरोपियों को जल्द से जल्द तलाश कर गिरफ्तार करने के निर्देश दिए थे। इसके तहत एंटी क्राइम साइबर यूनिट की विशेष टीम का गठन किया गया था। टीम ने जांच के दौरान सीसीटीवी फूटेज की जांच करने के साथ मुखबिर भी लगा रखे थे। इस बीच पुलिस को सूचना मिली कि एक आदतन अपराधी व चोरी के मामले में जेल जा चुका रितिक वर्मा 19 वर्ष निवासी डीडीनगर इन दिनों अत्यधिक मात्रा में रुपए खर्च कर रहा है। इससे पुलिस को उस पर संदेह हुआ। पुलिस ने संदेह के आधार पर हिरासत में लेकर जब कड़ाई से पूछताछ की, तो उसने अपने साथी मयंक सोनी 26 वर्ष निवासी बम्बलेश्वरी मंदिर के पास डंगनिया के साथ चोरी की वारदातों को अंजाम देना कबूल किया। पुलिस ने इसके बाद दोनों की निशानदेही पर उनके कब्जे से चोरी के सोने के जेवर 33 ग्राम, चांदी के जेवर 329 ग्राम तथा 1 पल्सर मोटर सायकल जुमला कीमती लगभग 5 लाख 50 हजार रुपए जब्त किया है।

### चोरी के वाहन में घूम-घूम कर देते थे चोरी को अंजाम

दोनों आरोपियों ने एक पल्सर मोटरसायकल चोरी की थी। इसी चोरी के वाहन में दोनों घूम-घूमकर सूने मकान की तलाश कर चोरी की वारदात को अंजाम देते थे।

### ज्वेलर्स दुकान में बेचते थे चोरी के जेवर

मकानों से जेवरात चोरी करने के बाद दोनों चोर डंगनिया स्थित महादेव ज्वेलर्स के संचालक अशोक कुमार सोनी निवासी विकास विहार कालोनी डीडीनगर को जेवरात बेचा करते थे। पुलिस ने इस मामले में ज्वेलर्स संचालक को भी गिरफ्तार किया है। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि चोरी के जेवर वे काफी कम कीमत पर बेचा करते थे।

### सोने-चांदी के जेवरात सहित पल्सर वाहन जब्त



### शातिर चोरों के विरुद्ध थानों में दर्ज प्रकरण

टिकरापारा में धारा 331(4), 305 बी.एन.एस, धारा 331(4), 305 बी.एन.एस., धारा 331(4), 305 बी.एन.एस., धारा 331(4), 305 बी.एन.एस. तथा धारा 457, 380 भादवि. के तहत अपराध दर्ज है। इसी प्रकार न्यू राजेन्द्र नगर थाना में धारा 331(4), 305 बी.एन.एस., धारा 331(4), 305 बी.एन.एस. एवं पुरानी बस्ती में धारा 379 भादवि. के तहत अपराध दर्ज है।

# अंतिम सप्ताह में बदली गई रणनीति विषय नहीं बल्कि अधिक अंक वाले टॉपिक पर फोकस करने निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

माध्यमिक शिक्षा मंडल की परीक्षाएं एक मार्च से प्रारंभ हो रही हैं। जिले के शासकीय विद्यालयों में परीक्षा से सप्ताहभर पूर्व तैयारी संबंधित रणनीति में बदलाव कर दिए गए हैं। छात्र जिन विषयों में कमजोर हैं, उसके सभी टॉपिक का अध्ययन कराने के स्थान पर अधिक अंक वाले टॉपिक का अध्ययन कराया जा रहा है। स्कूलों में अतिरिक्त कक्षाएं भी संचालित नहीं की जा रही हैं। शाला अवधि में ही छात्रों को रिवीजन कराया जा रहा है ताकि उन्हें घर पर अध्ययन के लिए पर्याप्त समय मिल सके। स्कूल माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा जारी किए गए ब्लू प्रिंट के आधार पर तैयारी करवा रहे हैं। जिला शिक्षा कार्यालय द्वारा स्कूलों को तैयारी संबंधित ये दिशा-निर्देश दिए गए हैं। जिस टॉपिक पर सर्वाधिक अंक निर्धारित है, उससे संबंधित सवाल शिक्षकों द्वारा छात्रों को विस्तार से हल करवाए जा रहे हैं। इनमें दीर्घ उत्तरीय सवालों की संख्या अधिक है। कमजोर परीक्षा में उत्तीर्ण हो सकें और औसत छात्रों के परिणाम सुधर सकें, इसलिए अधिक अंक वाले सवालों पर फोकस करने की रणनीति अपनाई जा रही है।

- एक मार्च से प्रारंभ हो रही हैं माध्यमिक शिक्षा मंडल की परीक्षाएं

न्यायालय अपर कलेक्टर एवं विशेष विवाह अधिकारी, जिला बालोद (छ.ग.)

**फार्म – अ**
**सार्वजनिक सूचना**
**(नियम – 6 देखिये)**

सर्व साधारण की जानकारी के लिए यह अधिसूचित किया जाता है कि आवेदक ईश्वर राम आ. स्व. श्री दौलत राम, जाति केंवट, निवासी ग्राम भेलवाकुदा, पो. रामपुर, थाना भखारा, तह. भखारा, जिला धमतरी (छ.ग.) एवं आवेदिका रेशमा निषाद पिता श्री दशरथ निषाद, जाति केंवट, निवासी ग्राम व पो. पलारी, थाना सनौद, तह. गुरूर, जिला बालोद (छ.ग.) द्वारा विशेष विवाह अधिनियम, 1954 धारा 05 के अधीन अपने विवाह के लिए आवेदन-पत्र प्रस्तुत किया है।

प्रस्तावित विवाह के विरूद्ध आपत्ति करने के इच्छुक कोई भी व्यक्ति इस संबंध में दिनांक 04/03/2025 के पूर्व अधोहस्ताक्षरी के समक्ष आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं होगी तथा वह शून्य माना जावेगा।

आज दिनांक 07/02/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा सहित जारी।
अगामी तिथि - 04/03/2025

मुहर

**अपर कलेक्टर**
**एवं विशेष विवाह अधिकारी**
**जिला–बालोद (छ.ग.)**

न्यायालय अपर कलेक्टर एवं विशेष विवाह अधिकारी, जिला बालोद (छ.ग.)

**फार्म – अ**
**सार्वजनिक सूचना**
**(नियम – 6 देखिये)**

सर्व साधारण की जानकारी के लिए यह अधिसूचित किया जाता है कि आवेदक सुदर्शन कुमार ढीमर आ. श्री श्रवण कुमार, जाति ढीमर, निवासी ग्राम व पो. कंवर, थाना कंवर, तह. गुरूर, जिला बालोद (छ.ग.) एवं आवेदिका पूर्णिमा पिता स्व. श्री दौलत राम, जाति केंवट, निवासी ग्राम भेलवाकुदा, पो. रामपुर, थाना भखारा, तह. भखारा, जिला धमतरी (छ.ग.) द्वारा विशेष विवाह अधिनियम, 1954 धारा 05 के अधीन अपने विवाह के लिए आवेदन-पत्र प्रस्तुत किया है।

प्रस्तावित विवाह के विरूद्ध आपत्ति करने के इच्छुक कोई भी व्यक्ति इस संबंध में दिनांक 04/03/2025 के पूर्व अधोहस्ताक्षरी के समक्ष आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं होगी तथा वह शून्य माना जावेगा।

आज दिनांक 07/02/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा सहित जारी।
अगामी तिथि - 04/03/2025

मुहर

**अपर कलेक्टर**
**एवं विशेष विवाह अधिकारी**
**जिला–बालोद (छ.ग.)**

सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)
आयुष्मान भारत कार्ड द्वारा निःशुल्क इलाज की सुविधा
डॉ. विजय रावत
(MBBS/DCH)
नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़
14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का ♦ State of the art NICU including care for Preterm, Term
A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा ♦ वातानुकूलित बच्चों का वार्ड
Multi Para Monitors / Bubble CPAP ♦ Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए ♦ प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था ♦ 24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मेसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध
मो. 9981321524/7223011528
समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद)

HEALTH TOWN

अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभाट टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 81031 28515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक,कान, गला विभाग
● सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
● ऑपरेशन द्वारा ईलाज
● नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जाँच
एलर्जी
Dental & Consmetic Treatments
● टेड़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
● दांतो की नसों का इलाज
● दांतों की सफाई व चमकाना
● दंत प्रत्यारोपण
● मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### मतदान दलों को लेकर बसें आज होंगी रवाना

**बालोद।** 20 फरवरी को त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव के तहत बालोद ब्लाक मे पंच, सरपंच, जनपद सदस्य, जिला पंचायत सदस्य का चुनाव संपन्न होना है। इसके तहत 18 फरवरी को प्रचार प्रसार थम गया। वहीं जिला मुख्यालय के सरदार पटेल मैदान में हाई स्कूल के पास 19 फरवरी को होने वाले चुनाव सामग्री वितरण के लिए कर्मचारियों को सामान के साथ उनके निर्धारित मतदान स्थल तक पहुंचाने के लिए बसे मैदान में खड़ी हो चुकी है। जिसके तहत आज 19 फरवरी को सुबह से ही मतदान दलों को बसों के माध्यम से मतदान केन्द्रों में सामान के साथ पहुंचाया जाएगा।

### भाजपा मंडल महामंत्री ने लगाई प्रयागराज में आस्था की डूबकी



**गुण्डरदेही।** भाजपा मंडल महामंत्री सौरभ चोपड़ा अपने साथियो के साथ प्रयागराज पहुंचकर त्रिवेणी संगम में आस्था की डुबकी लगाया। इस दौरान भागवत आचार्य पंडित भूपेंद्र पांडे, भाजपा जिला संयोजक सतीश महोबिया, छगन सोनकर, कौशल साहू, मोपेंद्र साहू शामिल हुए।

### एक जमीन को सात लोगों को बेचा, जीजा साली गिरफ्तार

**भिलाई।** स्मृति नगर पुलिस चौकी अंतर्गत कोहका में एक ही जमीन को सात लोगों को बेचने का मामला प्रकाश में आया है। इस मामले में एक गिरोह काम कर रहा था। पुलिस ने गिरोह का भंडाफोड़ किया है। आरोपी जीजा-साली सहित अन्य को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि साधना देवी एवं एस. देवी निवासी भिलाई ने इस मामले की शिकायत की थी। उन्होंने कहा कि कोहका स्थित जमीन खसरा नं. 3310/06,07 को कन्हैया शर्मा के द्वारा अपने साथी के साथ के मिलकर योजनाबद्ध तरीके से अपनी स्वयं की डेढ़ सास के. रजनी रत्नम एवं अन्य एक महिला को साधना देवी व एस. देवी बनाकर उसके ग्राम कोहका स्थित जमीन को संतोष खण्डूजा के पास बिक्री कर दिया था। स्मृति नगर पुलिस ने अपराध दर्ज कर जांच शुरू की। साधना देवी एवं कन्हैया शर्मा की पता तलाश में पुलिस खुर्सीपार पहुंची। आरोपी फरार थे। मायके अहिवारा वार्ड 6 थाना नंदिनीनगर में जाकर दबिश दी, जहां पर कन्हैया लाल पिता स्व. मिश्री लाल उम्र 67 वर्ष सुन्दर भवन के पास खुर्सीपार एवं रजनी रत्नम पति के. रत्नम उम्र 59 वर्ष जोन-2 खुर्सीपार मिले। पूछताछ करने पर घटना को जुर्म घटित करना स्वीकार किया। आरोपियों को कोर्ट में पेश किया गया जहां से न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया।

## पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च, गांवों में किया निरीक्षण








**बालोद।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के तहत 20 फरवरी को बालोद ब्लाक मे चुनाव संपन्न होना है। जिसके तहत मंगलवार को पुलिस द्वारा वाहन के माध्यम से फ्लैग मार्च निकाला। ब्लॉक के गांवों में जाकर शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न कराने के लिए निरीक्षण किया।

### चुनाव : जपं सदस्यों में कांग्रेस के 7, भाजपा के 4 और 4 निर्दलीय जीते

# ग्रामीणों ने बनायी पंचायत सरकार देर शाम घोषित हुआ परिणाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडी

त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के तहत गांव की सरकार बनाने के लिए सोमवार को मतदान हुआ पश्चात मतों की गणना भी मतदान स्थल पर देर रात तक की गई। जिसमें पंच-सरपंच और जनपद सदस्य के उम्मीदवार चुनाव में जीत हासिल किए। हालांकि आधिकारिक घोषणा बुधवार को डौंडी के कंट्रोल रूम में निर्वाचन अधिकारी द्वारा कर प्रमाण पत्र दिया जाएगा। अनेक लोगों ने जीत के पश्चात अपने निर्वाचन क्षेत्र में विजय जुलूस निकालकर मतदाताओं का आभार भी व्यक्त किया। सूत्रों के अनुसार जो पदाधिकारी चुनकर आए हैं, उनके जनपद सदस्य कांग्रेस के उम्मीदवार में क्रमांक -2 भैसबोड़ से बिसनतिन बाई आर्य, 3 अडजाल से प्रीति उर्वशा, 6 सिंगनवाही से कुलदीप साहू, 7 कामता से शिव बारला, 4 खैरवाही से शिव गिरी चुरेन्द्र, 12 आवारी ईश्वरी बाई देशल्हरा, 13 पचेड़ा से पुनीत राम सेन विजयी रहे।

वहीं क्षेत्र क्रमांक जनपद सदस्य भाजपा के समर्थन में उम्मीदवार में 4 कुसुमकसा से संजय मंजू बैस, 8 सलाई टोला से साधना सोरी, 10 मरकाटोला से मुकेश कौड़ो, 14 भरीटोला से रत्ना हिरवानी विजयी रहें। वहीं जनपद सदस्य निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में चिपरा 1 से आशा आर्य, 5 बिटाल से झमित बाई, 11 पूसावाड़ से तुलेश्वर कुमार हिचामी,15 बेलोदा से भोला राम नेताम विजयी रहे।





**डौंडी जनपद पंचायतों के विजयी सरपंच**

पंचायत अवारी से अमिता मंडावी, धोबनी ब से हिरमत बाई, लिमुडीह से सत्यवती जाड़े, पेंड्री से तीजन कृषण, कुंवागोंदी से नोहर धनेलिया, कुंज कंहार से अमीना बाई, भरीटोला 36 से रेवा रावटे, कामता से बुधार सिंह भुवर्य, खैरवाही से वंदना ठाकुर, घोटिया से ममता मण्डवी, ढोरी ढेमा से जीवन नुरेटी, ढेमा बुजुर्ग से जितेंद्र कोठारी, बहमनी से निर्मला चुरेन्द्र, बेलोदा से कान्ति बाई कौड़ो, कांडे से चंद्र लेखा पायला, कोपेडेरा से मुकेश तेता, कोटा गांव से अर्चना मरकाम, कुमुड कट्टा से डोमेन्द्र कोर्राम, कुसुमकसा से वेद बाई पिसदा, मंगल तरई से चंद्रिका सोरी, माथेना से सुमन लता धुर्वे, मरका टोला से पंकज हिड़को, सुडोगर से तारा देवी, मरदेल से मानकी बाई कोमरे, बिटाल से पवन बाई चुरेन्द्र, सिंघोला से कौसल्या ठाकुर, छिंदगांव से डिलेश्वरी ठाकुर, चिखली से रमहुं भुवार्य, चिहरो से महेश्वरी नरेटी, चिपरा से यश राम राणा, गिधाली से कंवल सिंह कुलार्य, पचेड़ा से बलराम कुमेटी, पूसावड़ से लोमन सिंह तोपेन्द्र, पेण्ड्री से तीजन कृषण, पटेली से बाबू लाल सिहारे, साल्हे से संगीता नेताम, सुवर बोड से ममता कोर्राम, सालाई टोला से माहेश्वरी गौर, नार्राटोला से हिंसा राम चिराम, नारालगुडा से ज्ञानेशवरी नेताम, नलकासा से हेमूराम टेकाम, अरमुरकासा से खिलावन मात्रे, आमाडुला से कमलेश दुग्गा, आड़ेझर से माधुरी ठाकुर, अडजाल से गीता भंडारी, टेका ढोडा से चंद्राकर, गुदुम से भुनेश्वर कोसमा, गुजरा से पार्वती मंडावी विजय हुए।

जिला पंचायत क्रमांक 12 से निर्दलीय उम्मीदवार मिथलेश नुरेटी जो कि पूर्व में कांग्रेस जिला पंचायत उपाध्यक्ष थे। वे कांग्रेस के प्रत्याशी कॉमेश कोर्राम से लगभग 1150 मतों से विजय हुए। डौंडी जनपद में अध्यक्ष और उपाध्यक्ष बनाने में निर्दलीय सदस्यों की भूमिका अहम होंगी।

# खिलाड़ियों ने नवनिर्वाचित नपा अध्यक्ष से की मुलाकात



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

बालोद नपा में 10 साल बाद भाजपा की वापसी हुई है। नगर पालिका के नवनिर्वाचित अध्यक्ष प्रतिभा चौधरी के चुनाव जीतने के बाद मंगलवार को संतोष साहू के नेतृत्व में बालोद नगर के खिलाड़ियों ने उनसे सौजन्य मुलाकात की। इस दौरान खिलाड़ियों ने बालोद नगर के एकमात्र सरयू प्रसाद अग्रवाल स्टेडियम की बदहाली पर चर्चा करते हुए बताया की स्टेडियम में असामाजिक तत्वों, शराबियों का जमावड़ा तथा शासकीय आयोजनों के नाम पर लगातार स्टेडियम की संरचना से छेड़छाड़ के चलते आज स्टेडियम पूरी तरह खराब होने की कगार पर है।

यही नहीं हाल ही में गणतंत्र दिवस पर हुए आयोजन के बाद स्टेडियम के आउटफील्ड में आयोजन समिति एवं विभाग द्वारा बांस बल्ली लगाए गए थे जिसे निकालने के बाद मैदान में गड्ढों को भरा नहीं गया है। जिसके चलते आए दिन खिलाड़ी घायल होते हैं। वहीं इस स्टेडियम को शासकीय आयोजन स्थल के बजाय खिलाड़ियों के लिए उपयोग में लाने लायक बनाने की भी मांग खिलाड़ियों ने नवनिर्वाचित नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिभा चौधरी से किए।

वही खिलाड़ियों की इस भावनाओ को देखते हुए नवनिर्वाचित अध्यक्ष ने कहा की मैं बालोद के किसी भी खिलाडी को निराश नहीं करूंगी। प्रतिभा ने कहा की वो अपने चुनाव प्रचार अभियान के दौरान भी स्टेडियम में गईं थी और स्टेडियम की बदहाली देखी है। प्रतिभा चौधरी ने खिलाड़ियों को आश्वस्त करते हुए कहा कि पदभार ग्रहण के अगले ही दिन स्टेडियम में खिलाड़ियों को जो भी परेशानी हो रही है उसके समाधान की दिशा में कार्य करेंगे तथा नगर पालिका द्वारा स्टेडियम में असामजिक तत्वों को रोकने तथा स्टेडियम में शराब पीने वालो पर कड़ी कार्रवाई करते हुए इसे सिर्फ खिलाड़ी और सैन्य पुलिस भर्ती सहित अन्य चीजों की तैयारी करने वाले खिलाड़ियों के अनुरूप बनाने की दिशा में कार्य करने की बात कही गई। इस दौरान प्रमुख रूप से अजय देवगन, चंदन धीवर, मोदी यादव, परमेश्वर सिंह, राहुल, राम नेताम, अनिकेत जान, नवदीप कुमार सहित अन्य खिलाड़ी उपस्थित थे।

# सरपंच चुनाव में जीत के बाद ग्रामवासियों ने मनाया जश्न



**डौंडीलोहारा।** ब्लाक अंतर्गत ग्राम कापसी के सरपंच चुनाव में कौशलेश देवांगन (बल्ला) के विजयी होने पर ग्रामवासियों ने जीत का ऐतिहासिक जश्न मनाया। ग्रामवासियों ने बाजे -गाजे के साथ पटाखे फोड़ कर व गुलाल से शरा बोर कर दिए।

जुलूस की शक्ल सबसे पहले कौशलेश देवांगन में शीतला माता के मंदिर में जाकर माथा टेककर



आशीर्वाद लिया। तत्पश्चात घर पहुंचने पर घर के सदस्यों द्वारा आरती उतारकर पुष्प माला से स्वागत सत्कार किया गया। इस अवसर पर उनके चाहने वाले सभी ग्रामीणजन एकत्रित थे, निर्वाचित सरपंच ने सभी मतदाताओं का आभार जताते हुए सभी की सहभागिता से ग्राम के विकास के लिए कार्य करने का भरोसा दिलाया।

# सद्गुरु कबीर साहेब ने दिया सत्य का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

ग्राम करहीभदर में विगत 65 वर्षों से कबीर पारख का परचम लहरा रहा है। इस आश्रम पर समय–समय से विभिन्न प्रांतों से संतों एवं भक्तों का आवागमन लगा रहता है। यहां प्रतिदिन 4 बजे जागरण, 5.30 से 6.30 बजे तक ध्यान साधना होती है। इसके पश्चात सद्गुरु कबीर साहेब के मूलग्रंथ बीजक की व्याख्या पूज्य गुरुदेव के पारख प्रबोधिनी टीका प्रयागराज के आधार पर संदेश दिया जाता है।

इस वर्ष भी दो दिवसीय कबीर सत्संग समारोह का शुभारंभ कबीर धर्म मंदिर जीयनपुर अयोध्या उत्तर प्रदेश, परीक्षा साहेब, गुरुभूषण साहेब पारख आश्रम सूरत के कर कमलों द्वारा पारख का ध्वजा रोहन किया गया। इसके पश्चात सदगुरु कबीर के मूल ग्रंथ बीजक का पाठ हुआ। तत्पश्चात हरी साहब ने अपने मधुर ध्वनि से भजन गाकर श्रोता दीर्घा को मंत्रमुक्त कर दिया। कबीर धर्म मंदिर कबीर आश्रम जीयनपुर अयोध्या उत्तर प्रदेश से पधारे परम पूज्य परीक्षा साहब ने स्वतंत्र चिंतन पर जोर देते हुए कहा कबीरपंथी होना सौभाग्यशाली है, क्योंकि कबीर साहेब कपिल, कणाद, महावीर और बुद्ध की तरह स्वतंत्र चिंतन करते थे। किसी भी परंपरा की थोपी हुई बातें नहीं करते थे जैसा का

- करहीभदर के सत्संग समारोह में जागरण और ध्यान साधना जारी

तैसा जो कि ज्यों का त्यों कहने में वे नहीं हिचकते थे। सत्य का संदेश कबीर का संदेश है चाहे कोई वक्त हो। कबीर पारख आश्रम सूरत से पधारे गुरुभूषण साहेब ने कहा, अपने मन की पीड़ा दूर कर आंतरिक शांति प्रदान करना है। महान पुरुषों की पूजा करना क्योंकि उनके विचार को अपने जीवन में आत्मसात करना है। उनके पद चिन्ह पर चलना है । पूजा हम अपने लिए करते हैं अपने जीवन में सुख शांति के लिए, न की महान पुरुषों के लाभ के लिए। प्रतिकूल परिस्थिति में भी धैर्य धारण करें, विपरीत दिशा में अपने अंदर के सद्गुणों को जागृत कर सद् व्यवहार करें। किसी ने गलत व्यवहार किया तो उनसे वैसे ही नहीं अपितु सज्जनता से व्यवहार करें। भौतिक विकास के साथ ही साथ आध्यात्मिक विकास की माहती अवश्य करता है सत्संग समाज को दिखाने के लिए नहीं अपनी आत्म शुद्धि के लिए हैं। कबीर पारख आश्रम सूरत से पधारे संत महेश साहब ने कहा सत्संग हमें चलना, बोलना, खाना– पीना सारा व्यवहार सीखता है। रहनी संपन्न जीवन जीने का मार्ग कबीर का मार्ग है। कबीर आश्रम परसदा डगनिया से पधारे महंत श्री पंचम साहब ने कहा आज कबीर के विचारों की महती आवश्यकता है। कबीर की पैनी दृष्टि में सत्य एवं असत्य साफ–साफ दृष्टिगोचर होता है। कबीर आश्रम सूरत से महेश साहब ने कहा, कबीर हमें बोलना, चलना, खाना– पीना सीखाता है। रहनी संपन्न जीवन जीने का मार्ग कबीर का मार्ग है। कबीर आश्रम करहीभदर के वरिष्ठ संत देवेंद्र साहेब ने कहा जीवन क्षणभंगुर है, जीवन रहते सेवा करें।

### नेत्रदान और देहदान करने वाले संकल्पित व्यक्तियों का हुआ सम्मान

दूसरे दिन विशेष सहयोग अरुण कुमार ने कार्यक्रम में आभार व्यक्त करते हुए कबीर आश्रम करहीभदर के व्यवस्थापक सुशांत साहेब ने कहा समस्त संतों एवं श्रद्धालु भक्तों के सहयोग से यह कार्यक्रम संपन्न हुआ। ऐसे ही संतों के प्रति श्रद्धा भक्ति समर्पण की भावना बनी रहे और अपना जीवन कल्याण की ओर अग्रसर रहें। भक्त प्रवर सखाराम ने कहा हमारे परिजन परिवार कई पीढ़ी से भक्त हैं। संतों की सेवा करते आये हैं और आगामी सेवा भक्ति एवं सत्संग करते रहेंगे। इस अवसर पर मरणोपरांत नेत्रदान एवं देहदान करने वाले संकल्पित व्यक्तियों को सम्मान किया गया।


# नालेश्वर शिव मंदिर में कलशयात्रा के साथ भागवत कथा का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

नगर के प्राचीन नालेश्वर शिव मंदिर में 18 से 26 फरवरी तक श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है।

जिसमें मंगलवार को कलशयात्रा, बेदी पूजा, गौकरण कथा, 19 फरवरी को सुखदेव प्रागट्य, परीक्षित जन्म, 20 फरवरी को कपिल अवतार, सती व ध्रुव चरित्र, दिनांक 21 फरवरी दिन शुक्रवार को प्रहलाद चरित्र, नर्सिंग अवतार, दिनांक 22 फरवरी को समुद्र मंथन, वामन अवतार, दिनांक 23 फरवरी दिन रविवार को रुखमणी मंगल, दिनांक 24 फरवरी





को प्रद्युन जन्म, सुदामा चरित्र, 25 फरवरी को दत्रात्रेय कथा, परिक्षित मोक्ष, चढ़ोतरी तथा दिनांक 26 फरवरी को गीतादान, कपिला तर्पण, हवन, पूर्णाहूति होगा। प्रवचन का समय दोपहर 1 बजे से प्रभु इच्छा तक है। शिव प्रसादी भण्डारा प्रतिदिन 1 बजे से प्रारंभ होगा। कथा वाचक रामलला कुटी श्रीधाम वृंदावन से आई साध्वी पूजा किशोरी ने कथा के प्रथम दिवस की बेला में श्रीमद भागवत महापुराण की कथा को विस्तार पूर्वक बताया।

इसके पूर्व सनातनी कन्याओं, महिलाओं द्वारा भागवत की कलश यात्रा निकाली गई तथा भक्तों ने बड़ी निष्ठा के साथ श्रद्धा आस्था एवं भक्ति पूर्ण माहौल में वटवृक्ष व तुलसी की पूजा अर्चना के साथ पवित्र मंदिर परिसर की परिक्रमा की तथा कथा समापन के बाद प्रसाद वितरण किया गया। यह कथा का शानदार 37 वन वर्ष है। नालेश्वर शिव भक्त सेवा समिति एवं समस्त नगरवासी के द्वारा आयोजित इस श्रीमद् भागवत कथा में उपस्थित होकर पूर्ण लाभ कमाने की अपील की गई है।

